Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Fri - 17 April - 2026 | Year - 01 | Issue - 11 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

## चंडीगढ़ में पार्किंसंस मरीजों के लिए नई उम्मीद—हीलिंग हॉस्पिटल में एडेप्टिव डीबीएस की शुरुआत




चंडीगढ़, 17 अप्रैल 2026: हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ ने पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए अत्याधुनिक एडेप्टिव डीप ब्रेन स्टिम्युलेशन (एडीबीएस) थेरेपी की शुरुआत की है। इसके साथ ही यह ट्राइसिटी का पहला और देश के चुनिंदा अस्पतालों में शामिल हो गया है, जहां यह नेक्स्ट-जेनरेशन ब्रेन स्टिम्युलेशन तकनीक उपलब्ध है।

यह तकनीक पारंपरिक डीबीएस से एक कदम आगे है, जिसमें मस्तिष्क के संकेतों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग कर स्टिम्युलेशन को स्वतः एडजस्ट किया जाता है, जिससे मरीजों को अधिक सटीक और व्यक्तिगत इलाज मिल पाता है। अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. जे.पी. सिंघवी के अनुसार, एडीबीएस से मरीजों में दिनभर होने वाले लक्षणों के उतार-चढ़ाव को कम कर जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाई जा सकती है।

न्यूरोसर्जन डॉ. जसप्रीत रंधावा ने बताया कि डीबीएस पहले ही पार्किंसंस के एडवांस्ड इलाज में प्रभावी रहा है और अब एडीबीएस इसे और उन्नत बनाता है। इस प्रक्रिया में मस्तिष्क के विशेष हिस्सों में एक छोटा उपकरण लगाया जाता है, जो नियंत्रित विद्युत संकेत भेजकर लक्षणों को नियंत्रित करता है।

## अंबाला एयरपोर्ट जल्द शुरू, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मिलेगा बड़ा बढ़ावा!!



हरियाणा के अंबाला कैंट में बनने वाला घरेलू हवाई अड्डा अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और जल्द ही उड़ान भरने के लिए तैयार है। यह प्रोजेक्ट लंबे समय से चर्चा में रहा है और अब इसके शुरू होने की उम्मीदों ने स्थानीय लोगों के चेहरे पर उत्साह की चमक ला दी है। सरकार और प्रशासन इस एयरपोर्ट को जल्द से जल्द चालू करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं।

राज्य के गृह मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एयरपोर्ट से जुड़े सभी अधूरे कार्यों को तुरंत पूरा किया जाए। उन्होंने खास तौर पर CCTV कैमरों की स्थापना, कंट्रोल रूम की तैयारी, स्टाफ की नियुक्ति और वाहनों की व्यवस्था पर जोर दिया है ताकि सुरक्षा और संचालन में कोई कमी न रह जाए।

## पंजाब नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज, प्रशासन और दल सक्रिय!!



पंजाब में आगामी नगर निगम और नगर निकाय चुनावों को लेकर तैयारियां अब पूरी रफ्तार पकड़ चुकी हैं। राज्य चुनाव आयोग ने इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है। शहरी क्षेत्रों में चुनावी हलचल धीरे-धीरे तेज होती नजर आ रही है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी पर सख्त रुख: हरियाणा महिला आयोग का सिंगर मासूम शर्मा को नोटिस

चंडीगढ़, 17 अप्रैल 2026:जॉइंट एक्शन कमेटी ऑफ टीचर्स, यूटी चंडीगढ़ ने शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर 23 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 बजे यूटी सचिवालय, सेक्टर-9 में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह यूनियन, जो भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध एक पंजीकृत शिक्षक संगठन है, लंबे समय से शिक्षकों के सेवा संबंधी मुद्दों को उठा रही है।

यूनियन का कहना है कि प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए और बार-बार आश्वासन भी मिला, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे शिक्षकों में भारी आर्थिक कठिनाई, असंतोष और भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज किया जा सकता है।



शिक्षकों की प्रमुख मांगों में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वोकेशनल शिक्षकों को तुरंत जॉइन करवाना, जुलाई 2025 से लंबित 58% महंगाई भत्ता गेस्ट और कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों को जारी करना, यूटी कैडर शिक्षकों को 1 अप्रैल 2022 तक देय हाफ-पे लीव प्रदान करना शामिल है। इसके अलावा गेस्ट और कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों का न्यायालय के आदेशों के अनुसार नियमितीकरण, सभी शिक्षक वर्गों की पदोन्नति प्राथमिकता के आधार पर करना, नियमित शिक्षकों की आकस्मिक छुट्टियों में वृद्धि तथा केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार CGHS कार्ड जारी करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है।

यूनियन ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू करने और बकाया वेतन जल्द जारी करने की भी मांग रखी है। उनका कहना है कि इन मुद्दों के समाधान में देरी से न केवल कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है, बल्कि स्कूलों की कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है।

## लहसुन से मस्सों का इलाज संभव, सावधानी जरूरी: डॉ. अर्चिता महाजन



चंडीगढ़, 17 अप्रैल 2026: न्यूट्रीशन डाइटिशियन एवं चाइल्ड केयर विशेषज्ञ डॉ. अर्चिता महाजन ने बताया कि लहसुन मस्सों (Warts) के उपचार में एक प्रभावी प्राकृतिक उपाय हो सकता है। लहसुन में पाया जाने वाला एलिसिन (Allicin) तत्व एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है, जो मस्सों के मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) से लड़ने में सहायक है।

उन्होंने बताया कि लहसुन की एक कली को पीसकर पेस्ट बनाकर मस्से पर लगाया जा सकता है और उसे पट्टी से ढककर कुछ घंटों या रातभर छोड़ा जा सकता है। इसके अलावा, लहसुन के पेस्ट में सेब का सिरका मिलाने से प्रभाव बढ़ सकता है। कैस्टर ऑयल या एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर लगाने से त्वचा में होने वाली जलन को कम किया जा सकता है।

डॉ. महाजन के अनुसार, लहसुन मस्से की जड़ को धीरे-धीरे कमजोर करता है, जिससे वह सूखकर गिर सकता है। साथ ही यह त्वचा को संक्रमण से बचाने और नए मस्सों को बनने से रोकने में भी मदद कर सकता है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि लहसुन का उपयोग सावधानी से करें, क्योंकि यह काफी तेज होता है। आंख, चेहरे या संवेदनशील हिस्सों पर इसे लगाने से बचें। ज्यादा देर तक लगाने से त्वचा में जलन या छाले हो सकते हैं, इसलिए पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

Authorised Dealer/Distributor

Industrial Pumps | Mechanical Seals | Pump Spares



A. M. ENGINEERING
279, Industrial Area, Phase-II, Chandigarh 160002
+91-9417455482
+91-9878316683
am.engg@yahoo.com
info@amengineering.in




Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. RNI Number: PBBIL/26/A0779.